| **महत्वपूर्ण :** | परीक्षार्थी **भाग-IV ( प्र.सं. 91 से 120 )** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो। |

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (91 - 99)**

आंतरिक और बाह्य दोनों रूपों में स्वच्छता और निर्मलता एक बुनियादी आवश्यकता है। मन के शुद्ध और सात्विक विचार आंतरिक स्वच्छता के आयाम हैं। बाह्य स्वच्छता के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा-पर्यावरण, अच्छी सामाजिक और आर्थिक स्थिति का समावेश होता है। बाह्य स्वच्छता का मूलाधार आंतरिक स्वच्छता है। मन की स्वच्छता मानव व्यवहार को दर्शाती है। सत्य, शुद्धता, शांति, प्रेम और सम्मान जैसे आत्मा के जन्मजात गुणों का उल्लंघन प्राकृतिक विधि, विधान और व्यवस्था का उल्लंघन है।

**91.** गद्यांश के अनुसार मनुष्य के लिए __________ सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

(1) शांति, बाह्य स्वच्छता और स्वास्थ्य
(2) विचारों और भावों की पवित्रता
(3) शारीरिक स्वच्छता एवं शुद्धता
(4) शांति, प्रेम और बाह्य स्वच्छता

**92.** 'बाह्य स्वच्छता का मूलाधार आंतरिक स्वच्छता है।'
वाक्य का आशय है :

(1) बाहरी और भीतरी स्वच्छता एक दूसरे से स्वतंत्र हैं।
(2) बाहरी और भीतरी स्वच्छता दोनों आवश्यक हैं।
(3) भीतरी स्वच्छता पर बाहरी स्वच्छता आधारित है।
(4) बाहरी स्वच्छता पर ही भीतरी स्वच्छता आधारित है।

**93.** 'बुनियादी' में प्रत्यय है :

(1) इ (2) दी (3) यादी (4) ई

**94.** समूह से भिन्न शब्द है :

(1) स्वच्छ (2) स्वच्छता (3) निर्मलता (4) सम्मान

**95.** आंतरिक स्वच्छता से संबंधित नहीं है :

(1) शिक्षा (2) निर्मल विचार (3) शांति (4) प्रेम

**96.** बुनियादी आवश्यकता है :

(1) बाहरी और भीतरी स्वच्छता और शुद्ध विचार
(2) बाहरी स्वच्छता और निर्मलता
(3) भीतरी स्वच्छता और निर्मलता
(4) बाहरी और भीतरी स्वच्छता और निर्मलता

**97.** 'विधान' में इक प्रत्यय लगाने पर शब्द बनेगा :

(1) वैधानीक (2) विधानीक (3) विधानिक (4) वैधानिक

**98.** निम्न में से किसमें विशेषण-विशेष्य का संबंध नहीं है?

(1) जन्मजात गुण
(2) बाह्य स्वच्छता
(3) बुनियादी आवश्यकता
(4) शिक्षा - पर्यावरण

**99.** 'आंतरिक स्वच्छता' से तात्पर्य है :
(1) मन की समस्त भावनाओं का दमन करना।
(2) मन में कोमल भाव जगाना।
(3) मन के बुरे भावों को दूर करना।
(4) मन की कल्पना को उड़ान देना।

**नीचे दी गई कविता की पंक्तियों को पढ़कर सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए। (100 - 105)**

हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से,
आज़ादी के लिए हमारी लंबी चली लड़ाई थी।
लाखों लोगों ने प्राणों से कीमत बड़ी चुकाई थी,
व्यापारी बनकर आए और छल से हम पर राज किया,
हमको आपस में लड़वाने की नीति अपनाई थी।
हमने अपना गौरव पाया, अपने स्वाभिमान से
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से।

**100.** 'स्वाभिमान' का संधि-विच्छेद है :
(1) स्व + अभिमान (2) स्वा + भिमान (3) स्व + भिमान (4) स्व + आभिमान

**101.** कविता में किस 'छल' की बात की गई है?
(1) व्यापारी बनने की वेश-भूषा धारण करने के
(2) व्यापारी बन हमें गुलाम बनाने के
(3) व्यापारी बन मिलावट करने के
(4) व्यापारी बन पैसों का हेर-फेर करने के

**102.** आज़ादी मिलने का श्रेय किसे दिया गया है?
(1) व्यापारी वर्ग के सहयोग को। (2) वीरों की कूट नीति को।
(3) वीरों के अस्त्र-शस्त्रों को। (4) वीरों के बलिदान को।

**103.** 'नीति' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग किया जा सकता है?
(1) ईय (2) ता (3) ई (4) इक

**104.** देश को स्वतंत्रता प्राप्त करने में एक लंबा समय लगा था। यह भाव कविता के किस अंश में प्रतिबिंबित होता है?
(1) लंबी चली लड़ाई थी। (2) वीर शहीदों के बलिदान से।
(3) कीमत बड़ी चुकाई थी। (4) गौरव पाया अपने स्वाभिमान से।

**105.** देश की स्वतंत्रता के लिए :
(1) बहुत सारा धन दिया गया। (2) शस्त्रों का निर्माण किया गया।
(3) अपने जीवन की आहुति दी। (4) वीरों की भर्ती की गई।

**106.** निम्नलिखित में से कौन-सा व्याकरण शिक्षण को प्रभावशाली तरीके से पढ़ाने के बारे में सही **नहीं** है?
(1) व्याकरण को उसके नियम कंठस्थ करके सीखना।
(2) वास्तविक सम्प्रेषण प्रस्तुत करना।
(3) व्याकरण के प्रासंगिक नियम प्रस्तुत करना।
(4) सम्प्रेषण के अभ्यास के अवसर देना।

**107.** निम्नलिखित वाक्य के संदर्भ में कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
बच्चों द्वारा शिशु गीत, गीत, अलापना किसके तरीके हैं?
(1) अभिव्यक्ति का संवर्द्धन और वाक्यों की लय के।
(2) शब्दावली को समृद्ध करने के।
(3) शब्द और वाक्य संरचना को कंठस्थ करने के।
(4) उच्चारण का अभ्यास करने के।

**108.** कक्षा तीन की अध्यापिका ने अपने शिक्षार्थियों से कहा कि वे अपने सहपाठियों से 'सकना' शब्द के प्रयोग की योग्यता से संबंधित पाँच प्रश्न पूछें, जैसे कि – क्या तुम तैर सकते हो? गतिविधि का यह प्रकार किसलिए है?
(1) निष्क्रिय श्रवण
(2) मौखिक प्रवाह अभ्यास
(3) नियन्त्रित मौखिक अभ्यास
(4) स्वछन्द बोलना

**109.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक स्तर पर पुस्तकालय के प्रयोग के बारे में सही **नहीं** है?
पुस्तकालय एक भंडार गृह के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि :
(1) पुस्तकालय में पाठ्यपुस्तकों का सस्वर पठन सर्वाधिक उपयुक्त रूप से हो सकता है।
(2) शिक्षार्थियों को बाल साहित्य की विविध प्रकार की विधाओं को देखने के मौके मिलने चाहिए।
(3) पुस्तकों के साथ संलग्नता के सक्रिय परिवेश के रूप में देखा जाना चाहिए।
(4) अध्यापक और दूसरे वयस्क भी पुस्तकालयों में आदर्श पठन व्यवहार प्रदर्शित कर सकते हैं।

**110.** निम्नलिखित में से कौन-सा साक्षरता शिक्षण उपागम अक्षरों और ध्वनि के बीच संबंध पर बल देता है?
(1) ध्वनि विज्ञान निर्देश (2) समग्र भाषा पद्धति (3) व्याकरण अनुवाद (4) स्थितिपरक उपागम

**111.** कौनसा उपागम/विधि शिक्षार्थी की जीवन की वास्तविक परिस्थितियों में भाषा प्रयोग के मुख्य लक्ष्य से संबंधित हैं?
(1) श्रव्य भाषिक विधि
(2) प्राकृतिक उपागम
(3) सम्प्रेषणात्मक उपागम
(4) प्रत्यक्ष विधि (डायरेक्ट)

**112.** कौन-सा उपागम/विधि बच्चों को भाषा की कक्षा में उनकी अपनी सहजात भाषा (मातृभाषा) का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित **नहीं** करता है?
(1) श्रव्यभाषिक विधि
(2) प्राकृतिक उपागम
(3) सम्प्रेषणात्मक उपागम
(4) प्रत्यक्ष विधि (डायरेक्ट)

**113.** निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धान्त बुनियादी चरण पर पाठ्यपुस्तक अभिकल्पना का **नहीं** है?
(1) तकनीकी सिद्धान्त
(2) पाठ्यचर्या सिद्धान्त
(3) प्रस्तुतीकरण सिद्धान्त
(4) मूर्त सिद्धान्त

**114.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा द्वारा रेखांकित दक्षताओं को प्राप्त करने में प्रत्येक बच्चे की प्रतिभागिता को समर्थन देने वाला समावेशी, स्वागतीय और आनंददायी परिवेश सर्वाधिक उपयुक्त तरीके से कैसे सृजित किया जा सकता है?
(1) रंगीन आकर्षक परिवेश के लिए कक्षा-कक्ष की सजावट करके
(2) तपती हुई धूप में बाह्य गतिविधियों को न करके और आन्तरिक गतिविधियों का आयोजन करके
(3) मुख्यत: शिक्षार्थी के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली पर ध्यान केन्द्रित करके
(4) विकास के विभिन्न आयामों से बच्चों के कार्य का प्रदर्शन करके

**115.** बुनियादी चरण की अवस्था वाले बच्चे अधिगम में तब कहीं अधिक संलग्न होते हैं जब __________ ।

(1) मुख्य केन्द्र सिर्फ़ सूक्ष्म गत्यात्मक कौशलों के विकास पर होता है।

(2) वे अध्यापक के पीछे-पीछे शिशुगीत गाते हैं।

(3) वे सभी इन्द्रियों का प्रयोग करते हैं और अपने हाथों का सक्रिय प्रयोग करते हैं।

(4) वे अपनी कॉपी में अक्षरों की बार-बार ट्रेसिंग करते हैं या बार-बार लिखते हैं।

**116.** कक्षा पाँच की एक विद्यार्थी कहती है,
''मैं अपना काम अध्यापक को देने से पहले सटीकता के लिए अन्तिम (फाइनल) रूप से भी जाँचती हूँ।''
यह विद्यार्थी लेखन के किस चरण पर है?

(1) सहपाठी मूल्याँकन
(2) प्रारूपण
(3) पुनः प्रारूपण
(4) प्रूफ़ रीडिंग

**117.** साक्षरता अर्जित करने के लिए किसमें निपुणता (मास्टरी) होनी चाहिए?

(1) सटीकता और ध्वन्यात्मक बोध

(2) ध्वन्यात्मक जागरूकता और प्रवाह

(3) दृश्य (साइट) शब्दावली और प्रतिमानों की पहचान

(4) डिकोडिंग और भाषा अवबोधन

**118.** एक अध्यापिका कक्षा दो के विद्यार्थियों के लिए विविध प्रकार की शिक्षण अधिगम सामग्री जुटाना चाह रही है। निम्नलिखित में से कौन-सा मानदंड टीएलएम के चयन के लिए सही **नहीं** है?

(1) चयनित सामग्री सिर्फ़ बच्चों द्वारा बनाई गई होनी चाहिए और फिसलन को बचाने के लिए कुछ खुरदरी होनी चाहिए।

(2) चयनित सामग्री इस आयु समूह के बच्चों के प्रयोग के लिए आकर्षक और सुरक्षित होनी चाहिए।

(3) चयनित सामग्री ऐसी हो जो बच्चों को जिज्ञासा के साथ खोजबीन और प्रयोग करने में पर्याप्त अवसर दे।

(4) चयनित सामग्री अधिमानतः स्थानीय रूप से निर्मित या स्थानीय रूप से उपलब्ध हो जिससे आसानी से बदला जा सके।

**119.** कक्षा तीन की अध्यापिका अपनी कक्षा में पठन कोना सृजित करना चाहती है। बच्चों के लिए पुस्तकों का चयन करते समय निम्नलिखित में से किस प्रश्न को सबसे अधिक महत्वपूर्ण मानना चाहिए?

(1) क्या ये पुस्तकें एक से अधिक निर्देशात्मक प्रसंग में प्रयोग के लिए उपयुक्त हैं?

(2) क्या इन पुस्तकों के लेखक जाने-माने हैं? बाल साहित्य के माननीय लेखक हैं?

(3) क्या पुस्तकें कक्षा के अधिकांश विद्यार्थियों के स्वतंत्र पठन स्तर के अनुसार लिखी गई है?

(4) क्या पुस्तकें तीसरी कक्षा की पठन पाठ्यचर्या के लक्ष्य को संबोधित करने में मदद करेंगी?

**120.** एक अध्यापक ने शिक्षार्थियों को अपने सहपाठियों से अपनी अभ्यास पुस्तिकाओं की अदला-बदली कर जाँचने के लिए कहा। इस कार्य का उद्देश्य क्या है?

(1) सहपाठी के काम की जाँच के कौशल विकसित करना।

(2) विस्तृत पठन का अभ्यास करवाना।

(3) नई शब्दावली के प्रयोग का अभ्यास करवाना।

(4) संरचनाओं का नियन्त्रित अभ्यास करवाना।

## PART - V
## LANGUAGE – II : ENGLISH

| |
|---|
| **IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part-V (Q. No. 121-150),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE-II** only. |

**Read the passage given below and answer the questions that follow. (121-128)**

But the Lion went into the forest and found his own supper and no one ever knew what it was, for he didn't mention it. And the scarecrow found a tree full of nuts and filled Dorothy's basket with them, so that she would not be hungry for a long time. She thought this was very kind and thoughtful of the scarecrow, but she laughed heartily at the awkward way in which the poor creature picked up the nuts. His padded hands were so clumsy and the nuts so small that he dropped almost as many as he put in the basket. But the scarecrow did not mind how long it took him to fill the basket, for it enabled him to keep away from the fire, as he feared a spark might get into his straw and burn him up. So he kept a good distance away from the flames, and only came near to cover Dorothy with dry leaves when she lay down to sleep. These kept her snug and warm and she slept soundly by until morning.

When it was daylight, the girl bathed her face in a little rippling brook and soon after they all started toward the Emerald city.

This was to be a wonderful day for the travellers. They had hardly been walking an hour when they saw before them a ditch that lay across the road and divided the forest as far as they could see on either side.

**121.** Which one of the following statements is true ?
(1) Nuts mostly grow on bushes.
(2) Scarecrow is not caring.
(3) He knows that the nuts are good for Dorothy.
(4) He shelled the nuts for Dorothy.

**122.** '... she would <u>not</u> be hungry'.
The underlined word is a/an __________.
(1) Interjection (2) Preposition (3) Adverb (4) Conjunction

**123.** Which of the following statements is/are true ?
(1) Both (2) and (3).
(2) The Scarecrow was kind-hearted as he filled the basket with nuts.
(3) He helped Dorothy to keep warm at night.
(4) He kept the Lion away from Dorothy.

**124.** Which one of the following statements is not true ?
(1) Dorothy felt amused at the way Scarecrow gathered the nuts.
(2) Scarecrow was afraid that the Lion might kill him.
(3) Lion could not eat the nuts gathered by the Scarecrow.
(4) He decided to hunt his prey.

**125.** Study the following statements :
(a) Dorothy was obliged to the Scarecrow.
(b) The Scarecrow vanquished his hunger with nuts.
(c) He gathered so many nuts that no one would remain hungry.
(1) (a) and (b) are right but (c) is wrong.
(2) (a) and (b) are wrong but (c) is right.
(3) (b) and (c) are wrong but (a) is right.
(4) (c) and (a) are wrong but (b) is right.

**126.** No one ever knew <u>what it was</u>.

The underlined is a/an __________ clause.

(1) Adverb (2) Principal (3) Noun (4) Adjective

**127.** Study the following statements :

(a) The Scarecrow gathered nuts as the tree was full of them.

(b) He feared for his life so he got busy in gathering nuts.

(1) Both (a) and (b) are wrong. (2) (a) is right and (b) is wrong.

(3) (b) is right and (a) is wrong. (4) Both (a) and (b) are right.

**128.** They kept her <u>snug</u>.

The underlined word nearly means the same as :

(1) sordid (2) dizzy (3) messy (4) cosy

**Read the passage given below and answer the questions that follow. (129-135)**

Usually the first question I ask a newbie birder is, "What do you think is the most important physical requisite to be a birder ? Your eyes, your ears, your nose or any other ?"

Most often, the answer is "eyes", but several do home into what is the most important faculty - at least, according to me : your ears. Spotting birds in foliage is hard enough, but if you hear them, you know they are there.

But early the other morning, I realised it went much beyond that. The first bird call I heard as I left the house for my walk was the madcap ringing laugh of black-rumped flameback, earlier known as the golden-backed woodpecker. It was a wild, exultant laugh that set the tone and mood for the entire day. And then I realised that every bird call evokes a different reaction, memory or emotion in the listener.

Indian mynas, for example, invariably remind me of people in Delhi-always ready to argue and pick a fight, belligerent and in your face. Yet, they taught me not to make sweeping generalisations because when a pair perch on the window sill in the afternoons, they have meaningful civilised conversations with each other. There is inquiry, humour and affection in their voices.

**129.** 'It was a wild <u>exultant</u> laugh....'

The underlined word is a/an __________.

(1) Adjective (2) Noun (3) Verb (4) Adverb

**130.** Why should a birder have sharp ears ?

(1) Their shrill shrieking can tell one that they are in danger.

(2) One can easily distinguish their mating calls.

(3) The birds greet each other with their morning calls.

(4) One can easily locate them from their chirping.

**131.** Who is a birder ?

(1) one who hunts the birds (2) one who catches the birds

(3) one who watches the birds (4) one who rears the birds

**132.** Study the following statements :

(a) Different chirpings of birds evoke different emotions in a birder.

(b) Sometimes birds make their nests hidden from public view.

(1) Both (a) and (b) are wrong. (2) (a) is right and (b) is wrong.

(3) (b) is right and (a) is wrong. (4) Both (a) and (b) are right.

**133.** 'The first bird call I heard <u>as I left the house</u>...'

The underlined is a/an __________ clause.

(1) Adverb (2) Principal (3) Noun (4) Adjective

**134.** Study the following statements :
(a) The writer approves of the conduct of Delhi people.
(b) Indian mynas are generally known for their noisy quarrels.
(c) A myna couple can also be found enjoying themselves.
(1) (a) and (b) are wrong but (c) is right.
(2) (a) and (b) are right but (c) is wrong.
(3) (b) and (c) are right but (a) is wrong.
(4) (a) and (c) are right but (b) is wrong.

**135.** '..... belligerent in your face.'

The underlined word nearly means the same as :
(1) different (2) hostile (3) noisy (4) musical

**136.** The students learn patterns of language by repeating model sentences that the teacher provides. They memorise set phrases and receive positive reinforcement from their teacher when they perform the drills correctly. The teacher is using the :
(1) Structural approach (2) Audio-lingual method
(3) Communicative approach (4) Total physical response

**137.** A good speaking activity is the one during which :
(1) participation by outspoken students is the maximum
(2) teachers explains more
(3) learners listens more
(4) learners talk more

**138.** If children hear two languages spoken around them, this exposure will :
(1) confuse the children, hindering understanding.
(2) put the children at a disadvantage.
(3) put the children at an advantage.
(4) not make any difference to the children.

**139.** One of the best way to learn a second language is :
(1) by joining a speaking course for the target language.
(2) being in a classroom where you can focus on the grammar and receive help from a teacher.
(3) by constant contact with native speakers in their own society.
(4) by repeating and practicing the dialogues as done in the audio-lingual method.

**140.** *"Language learning is an intensive process that begins at birth and continues throughtout life."*
Do you agree or disagree with the above statement ?
(1) I partially disagree with the statement.
(2) I agree with this statement.
(3) I disagree with this statement.
(4) I partially agree with the statement.

**141.** A big challenge in learning to read is finding motivation and good children's literature. To overcome this challenge :
(1) School authorities must take learners to book fairs to generate motivation and interest in reading books.
(2) Teachers should motivate them to read a book everyday as homework.
(3) Encourage parents to establish a small library at home.
(4) Provide easily accessible Children's literature to motivate and generate interest in reading.

**142.** A teacher asked the students of class V to read the story quickly and then put the four pictures in order. The purpose of this activity is to :
(1) revise the new and difficult vocabulary of the story.
(2) arrange the picture cards.
(3) give them practice to reading for the gist.
(4) give them practice in reading for specific information.

**143.** Whole language approach is :
(1) Infers a sound-symbol relationship
(2) Meaning based
(3) Skill based
(4) Blends sounds

**144.** Assessment tools and processes at the foundation stage should be designed in a way that :
(1) a teacher may use common single method to assess the achievement of all the learners.
(2) explicit tests and examinations become appropriate for learners.
(3) they become a natural extension of the child's learning experience.
(4) learner's progress is described and analysed with that of the overall class performance.

**145.** Children's cognitive development and language :
(1) is closely related to the culture and the community in which children live.
(2) is related to the principle of linking stimulus-response and a process of imitation.
(3) is that an individual is born with a tool to master the language.
(4) development bear no relationship.

**146.** This reading has certain learning aims and tasks, learners are supposed to read the text in detail with concentration and due care, It is called :
(1) Pleasure reading (2) Extensive reading
(3) Intensive reading (4) Guided reading

**147.** At the beginning of the lesson, a teacher divided the class into groups and asked them to talk about an interesting newspaper article that they had just read. This type of speaking activity is for enhancing :
(1) Active listening. (2) Oral fluency practice.
(3) Controlled oral practice. (4) Guided oral practice.

**148.** To assess reading skills at primary level a language teacher should most importantly focus on :
(1) reading with understanding. (2) identifying the letters of alphabet.
(3) use of punctuation mark. (4) reading at a proper speed.

**149.** Learners are memorising grammar rules and vocabulary and large amount of work is done in their mother tongue. Which method is being used by the teacher into his language class ?
(1) Grammar Translation (2) Direct method
(3) Natural approach (4) Communicative teaching

**150.** Along with print books and audio books the books that engage the tactile abilities of young children should be a part of the classroom because :
(1) these books will not overly burden a teacher.
(2) it brings variety to the class and children love variety.
(3) it gives autonomy to teachers to use different books for assessment.
(4) it makes books more accessible to diverse learners.

## भाग - V
## भाषा - II : हिन्दी

**महत्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग-V ( प्र.सं. 121 से 150 )** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (121-128)**

इस बार मौसम विज्ञानियों ने घोषणा की हुई है कि अल नीनो प्रभाव के कारण मानसून कमज़ोर रह सकता है। चैत के महीने में बारिश होने के हालात पर घाघ ने भी यही कहा है। चैत यानी मार्च-अप्रैल के दिनों में अगर बारिश होती है तो सावन सूखा जा सकता है। बात सिर्फ़ इस बार के मानसून की नहीं है। अमेरिका में हाल ही में ताजे पानी के हालात पर हुए एक सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुतेरेज ने एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें कहा गया है कि 2050 तक पानी का सबसे बड़ा संकट भारत में आने वाला है। भारत पर संकट इसलिए है क्योंकि गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों का पानी धीरे-धीरे कम होता जाएगा। सिर्फ़ गंगा की बात करें तो 2500 किलोमीटर लंबी यह नदी उत्तराखंड से बंगाल के बीच कई राज्यों से गुजरती है। इसके किनारों पर बसे महानगरों, कस्बों और गाँवों की करीब चालीस करोड़ की आबादी की पानी से जुड़ी जरूरतों को यह पूरा करती है। इसके पानी का स्रोत गंगोत्री ग्लेशियर है। पर्यावरण विज्ञानियों का दावा है कि पिछले 87 साल में तीस किलोमीटर लंबे इस ग्लेशियर का पौने दो किलोमीटर हिस्सा पिघलकर गायब हो चुका है। अभी जलवायु परिवर्तन का जो हाल है, वह पूरे हिमालय क्षेत्र के लिए खतरनाक माना जा रहा है। भारत के हिस्से वाले हिमालय में 9775 ग्लेशियर बताए जाते हैं। इनमें अकेले उत्तराखंड में 968 हैं। अब अगर इनके पिघलने की रफ़्तार तेज होती जाती है तो क्या होगा ?

**121.** गद्यांश के अनुसार 2050 तक पानी का सबसे बड़ा संकट आनेवाला है :
(1) पाकिस्तान में
(2) अमेरिका में
(3) भारत में
(4) संयुक्त अरब अमीरात में

**122.** गद्यांश में किस संकट की बात की गई है ?
(1) पर्यावरण संकट
(2) खाद्य संकट
(3) रोज़गार संकट
(4) जल संकट

**123.** 'पर्यावरण' में उपसर्ग और मूल शब्द हैं :
(1) पर + आवरण
(2) पर्या + आवरण
(3) परि + अवरण
(4) परि + आवरण

**124.** अल नीनो का प्रभाव पड़ता है :
(1) मानव पर
(2) जलवायु पर
(3) जल स्रोतों पर
(4) मानसून पर

**125.** गंगा के किनारे बसे लोगों की आबादी लगभग है :
(1) 96 करोड़
(2) 87 करोड़
(3) 30 करोड़
(4) 40 करोड़

**126.** नदियों का पानी <u>धीरे-धीरे</u> कम होता जाएगा। वाक्य में रेखांकित पद हैं :
(1) प्रविशेषण
(2) विशेषण
(3) क्रिया
(4) क्रिया विशेषण

**127.** भारत की नदियों में जल कम होता जा रहा है। इसका कारण है :
(1) ग्लेशियरों के क्षेत्रफल में वृद्धि होना
(2) ग्लेशियरों का न पिघलना
(3) ग्लेशियरों का तेज़ी से पिघलना
(4) ग्लेशियरों के क्षेत्रफल में कमी आना

**128.** 'इस ग्लेशियर का पौने दो किलोमीटर हिस्सा पिघलकर गायब हो चुका है।' वाक्य में रेखांकित पद है :

(1) सार्वनामिक विशेषण (2) संख्यावाचक विशेषण

(3) परिमाणवाचक विशेषण (4) गुणवाचक विशेषण

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (129-135)**

इस संसार में सब कुछ अस्थायी है। पाप और पुण्य दोनों इस संसार से संबंधित हैं, इसलिए पाप और पुण्य भी अस्थायी हैं। पुण्य सुख देकर और पाप दुख देकर अंत को प्राप्त होता है। लेकिन पाप और पुण्य में थोड़ा अंतर यह है कि पुण्य का फल यदि हम नहीं चाहते तो उस फल को अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र हैं। पाप लोहे की जंजीर है तो पुण्य सोने की। बंधन दोनों में है। लोहे की जंजीर से छूटने का आदमी का मन भी करता है लेकिन सोने की जंजीर से जो बंधा हुआ हो उसको वह बंधन प्यारा लगने लगता है। उसमें उसको धन नजर आता है उससे छूटने का मन नहीं करता।

**129.** पाप और पुण्य दोनों की तुलना क्रमशः __________ और __________ की जंजीर से की गई है।

(1) पीतल, लोहे (2) स्वर्ण, लोहे (3) लोहे, पीतल (4) लोहे, स्वर्ण

**130.** इस संसार में कुछ भी __________ नहीं है।

(1) अस्थायी (2) अपूर्ण (3) पूर्ण (4) स्थायी

**131.** गद्यांश के अनुसार पाप और पुण्य :

(1) दोनों में बंधन है। (2) दोनों में स्वतंत्रता है।

(3) दोनों में फल की इच्छा रहती है। (4) दोनों से मुक्ति अनिवार्य है।

**132.** पाप और पुण्य दोनों __________ हैं।

(1) हानिकारक (2) स्थायी (3) अस्थायी (4) स्वाभाविक

**133.** 'स्वतंत्र' का विलोम है :

(1) परतंत्रता (2) गुलाम (3) परतंत्र (4) दासता

**134.** पुण्य में उसके फल को :

(1) प्राप्त करना बहुत श्रमसाध्य है (2) हम स्वीकार नहीं भी कर सकते

(3) हम स्वीकार करने के लिए बाध्य हैं (4) किसी दूसरे के लिए उपयोग में ला सकते हैं

**135.** समूह से भिन्न शब्द है :

(1) प्यारा (2) फल (3) स्वतंत्र (4) अस्थायी

**136.** विद्यार्थी अध्यापक द्वारा दिये गए आदर्श वाक्यों को दोहराकर भाषा के प्रतिमान (पैटर्न) सीखते हैं। वे वाक्यों को कंठस्थ कर लेते हैं और सही तरीके से ड्रिल करने पर अपने अध्यापक द्वारा सकारात्मक पुनर्बलन प्राप्त करते हैं। अध्यापक द्वारा क्या किया जा रहा है?

(1) संरचनात्मक उपागम (2) श्रव्य भाषिक विधि

(3) सम्प्रेषणात्मक उपागम (4) कुल भौतिक प्रतिक्रिया

**137.** एक अच्छी वाचन (बोलना) गतिविधि वह है जिसमें :

(1) अधिकांशतः मुखरित विद्यार्थियों की ही सहभागिता रहती है।

(2) अध्यापक अधिक व्याख्या करते हैं।

(3) शिक्षार्थी अधिक सुनते हैं।

(4) शिक्षार्थी अधिक बातचीत करते हैं।

**138.** यदि बच्चे अपने परिवेश में दो भाषाओं का बोलना सुनते हैं, दो भाषाओं को सुनने के ये अवसर :

(1) समझ में भ्रमित करते हैं।

(2) बच्चों को नुकसान पहुँचाते हैं।

(3) बच्चों को लाभ पहुँचाते हैं।

(4) कोई प्रभाव नहीं डालते हैं।

**139.** कोई भी व्यक्ति किसके द्वारा सर्वाधिक उपयुक्त तरीके से द्वितीय भाषा सीख सकता है?

(1) लक्ष्य भाषा के किसी वाचन पाठ्यक्रम में दाखिला लेकर।

(2) ऐसी कक्षा जहाँ आप व्याकरण पर ध्यान केन्द्रित करते हैं और अध्यापक से सहायता प्राप्त करते हैं।

(3) अपने समाज में सहजात वाचकों (मूलभाषा बोलने वालों) के सतत सम्पर्क के माध्यम से।

(4) श्रव्य भाषिक विधि के अनुसार संवादों को दोहराना और अभ्यास करना।

**140.** *''भाषा अधिगम एक गहन प्रक्रिया है जो जन्म के समय से शुरू होती है और जीवन पर्यन्त चलती है।''*
क्या आप इस कथन से सहमत या असहमत हैं?

(1) मैं इस कथन से आंशिक रूप से असहमत हूँ।

(2) मैं इस कथन से सहमत हूँ।

(3) मैं इस कथन से असहमत हूँ।

(4) मैं इस कथन से आंशिक रूप से सहमत हूँ।

**141.** पठन सीखने में सबसे बड़ी चुनौती प्रेरणा और अच्छा बालसाहित्य पाने की है। इस चुनौती को दूर करने के लिए –

(1) विद्यालय के अधिकारियों को चाहिए कि वे बच्चों को पुस्तक मेले ले जाया करें जिससे कि वे पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित हों और रुचि पैदा हो।

(2) अध्यापकों को गृहकार्य के रूप में प्रतिदिन एक पुस्तक पढ़ने के लिए अभिप्रेरित करना चाहिए।

(3) अभिभावकों को अपने घर में एक छोटा सा पुस्तकालय बनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

(4) बाल साहित्य की सरलता से उपलब्धता जिससे पठन के लिए प्रोत्साहन और रुचि पैदा हो।

**142.** एक अध्यापक ने कक्षा पाँच के विद्यार्थियों को शीघ्रता से एक कहानी पढ़ने और उसके बाद चार चित्रों को क्रम में लगाने के लिए कहा। इस गतिविधि का क्या उद्देश्य है?

(1) कहानी में आए नए और कठिन शब्दों की पुनरावृत्ति।

(2) चित्र कार्डों को क्रम से लगाना।

(3) सारांशीकरण के लिए पठन का अभ्यास करवाना।

(4) विशिष्ट सूचना जानने के लिए पठन का अभ्यास करवाना।

**143.** समग्र भाषा उपागम क्या है?

(1) ध्वनि-संकेत संबंध में निष्कर्ष निकालना

(2) अर्थ आधारित

(3) कौशल आधारित

(4) ध्वनियों का मिश्रण

**144.** बुनियादी चरण में आकलन के उपकरण और प्रक्रियाओं की अभिकल्पना इस तरह होनी चाहिए :

(1) अध्यापक सभी शिक्षार्थियों की उपलब्धि का आकलन करने के लिए एक ही विधि का प्रयोग कर सकते हैं।

(2) जिससे जाँचपत्र व परीक्षाएँ शिक्षार्थियों के लिए स्पष्ट व उचित हो सके।

(3) जो बच्चे के अधिगम अनुभव का सहज विस्तार बन सकें।

(4) शिक्षार्थी की प्रगति का उसके समग्र कक्षा प्रदर्शन के संदर्भ में वर्णन और विश्लेषण किया जाना चाहिए।

**145.** बच्चों का संज्ञानात्मक विकास और भाषा :

(1) उस संस्कृति और समुदायों से घनिष्ठ रूप से संबंधित है जिनमें बच्चे रहते हैं।

(2) उद्दीपक प्रतिक्रिया संबंध के सिद्धान्त और अनुकरण की प्रक्रिया से संबंधित है।

(3) मनुष्य का सहजात उपकरण है जिसके द्वारा वह भाषा में निपुणता प्राप्त करता है।

(4) विकास में कोई संबंध नहीं है।

**146.** इस प्रकार के पठन के कुछ अधिगम उद्देश्य और कार्य हैं। शिक्षार्थियों से अपेक्षा रहती है कि वे विषयवस्तु को विस्तार से ध्यानपूर्वक और सावधानीपूर्वक पढ़ें, यह है :

(1) आनन्द के लिए पठन (2) विस्तृत पठन

(3) गहन पठन (इंटैंसिव) (4) निर्देशित पठन

**147.** पाठ के आरंभ में एक अध्यापक ने अपनी कक्षा के शिक्षार्थियों को समूहों में बाँटा और कहा कि अभी हाल ही में पढ़े गए समाचार पत्र के रूचिकर आलेख के बारे में बात करें। बोलने (वाचन) की यह गतिविधि किसलिए है ?

(1) सक्रिय श्रवण (2) मौखिक प्रवाह अभ्यास

(3) नियंत्रित मौखिक अभ्यास (4) निर्देशित मौखिक अभ्यास

**148.** प्राथमिक स्तर पर भाषा कौशल का आकलन करने के लिए भाषा अध्यापक को मुख्यत: किस पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए ?

(1) समझ के साथ पठन। (2) वर्णमाला के अक्षरों की पहचान करना।

(3) विराम चिन्हों का प्रयोग। (4) उचित गति के साथ पठन।

**149.** शिक्षार्थी व्याकरण के नियम और शब्द संपदा को कंठस्थ कर रहे हैं, अधिकांश कार्य मातृभाषा में हो रहा है। भाषा अध्यापक द्वारा अपनी कक्षा में किस विधि का प्रयोग करना चाहिए ?

(1) व्याकरण अनुवाद (2) प्रत्यक्ष (डायरेक्ट) विधि

(3) प्राकृतिक उपागम (4) सम्प्रेषणात्मक शिक्षण

**150.** कक्षा में छोटे बच्चों के लिए मुद्रित पुस्तकों के साथ-साथ श्रव्य पुस्तकें और छोटे बच्चों की स्पर्शग्राही योग्यताओं का इस्तेमाल करने वाली पुस्तकें होनी चाहिए क्योंकि -

(1) अध्यापक पर अधिक बोझ नहीं डालती हैं।

(2) कक्षा में विविधता आती है और बच्चों को विविधता बहुत पसंद है।

(3) यह अध्यापकों को आकलन के लिए विभिन्न पुस्तकों का प्रयोग करने की स्वायत्तता देती है।

(4) विविधता वाले शिक्षार्थियों तक पुस्तकें अधिक सुलभ बनाती है।

- o 0 o -

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

## READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Blue / Black Ball Point Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against the candidate including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his/her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his/her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Hall / Room. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

## निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन** से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के कोड या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी।
5. परीक्षा पुस्तिका/उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका कोड व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति-पत्र में लिखें।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी। इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश-पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए। इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और परीक्षार्थी विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं उपस्थिति-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार उपस्थिति-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान उपस्थिति-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
13. परीक्षा हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
14. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी हॉल/कक्ष छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***